# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–20 मई 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कासगंज में सात सौ चौबीस करोड़ रुपये की साठ विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने पचीस दशमलव छह तीन हेक्टेयर में फैले नवनिर्मित अत्याधुनिक पुलिस लाइंस का उद्घाटन भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की प्रशंसा भी की।

**यूनिफॉर्म की क्या कीमत होती है और उसका क्या महत्व होता है, आपने अभी ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान की कमर को तोड़ने वाले भारत माता के बहादुर जवानों के शौर्य के माध्यम से देखा होगा। आपने देखा होगा कि कैसे प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में भारत के बहादुर जवानों ने पाकिस्तान को चारों खाने चित करते हुए उसको उसकी ही औकात में लाने का काम किया है। अब तो भारत ने बता दिया है कि अगर हमारे एक नागरिक को भी छोड़ोगे तो अपने अस्तित्व के लिए जूझोगे।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा, सुशासन और विकास का जो समन्वय डबल इंजन सरकार ने स्थापित किया है, उसे कासगंज की जनता और जनप्रतिनिधियों ने तत्परता से लागू किया है।

**********

सीमा सुरक्षा बल –बीएसएफ ने घोषणा की है कि पंजाब सीमा समेत सभी तीन संयुक्त सैन्य चौकियों पर रीट्रिट समारोह आज फिर शुरू हो रहा है। बीएसएफ के अनुसार समारोह आज मीडिया कर्मियों के लिए विशेष रूप से खुला है । हमारे संवाददाता ने बताया है कि आम लोगों के लिए समारोह कल से खुलेगा। भारत पाकिस्तान तनाव के बीच अटारी, हुसैनीवाला और सादकी के रीट्रिट समारोह को इस महीने की आठ तारीख को आम लोगों के लिए निरस्त कर दिया गया था।

**********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बीच, पूरा देश जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। आकाशवाणी समाचार भी सशस्त्र बलों के सम्मान में एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज इसी कड़ी में, हम परमवीर–चक्र विजेता मेजर नायब सूबेदार बाना सिंह के अदम्य साहस का स्मरण कर रहे हैं।

**जम्मू जिले के निवासी, नायब सूबेदार बाना सिंह, जनवरी 1969 में आठ जम्मू–कश्मीर लाइट इन्फेन्ट्री में भर्ती हुए थे। जून 1987 में आठ जम्मू–कश्मीर लाइट इन्फेन्ट्री को सियाचिन क्षेत्र में तैनात किया गया था। बड़ी संख्या में पाकिस्तानी घुसपैठिये इस इलाके में घुस आए थे। इन घुसपैठियों को खदेड़ना जरूरी था और इसके लिए एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया गया। नायब सूबेदार बाना सिंह ने स्वेच्छा से फोर्स में शामिल होने की पेशकश की। पाकिस्तानी घुसपैठ छह हजार पांच सौ मीटर की ऊंचाई पर हुई थी। यह जगह वस्तुतरू एक अवैध ग्लेशियर किला थी, जिसके दोनों ओर चार सौ 57 मीटर ऊंची बर्फ की दिवारें थी। नायब सूबेदार बाना सिंह अपनी टीम के साथ बेहद मुश्किल और खतरनाक रास्ते से उस जगह पहुंचते हुए, दुश्मन पर हमला किया और उसे घेर लिया। हथ गोले फेंकते हुए, हमला करते हुए, उन्होंने सभी घुपैठियों को खदेड़ दिया। उन्होंने अपने अदम्य साहस और नेतृत्व से अपनी टीम को प्रेरित किया। प्रतिकूल परिस्थितियों में असाधारण वीरता और नेतृत्व के लिए नायब सूबेदार बाना सिंह को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उनकी बहादूरी को सलाम करता है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

विश्व बैंक की तीन सदस्यीय टीम ने आज कुशीनगर जिले के दुदही और बांसगांव पिपरा का दौरा किया। टीम ने दोनों स्थानों पर किसान उत्पादक संगठन द्वारा संचालित हल्दी प्रोसेसिंग यूनिट को देखा। टीम द्वारा हल्दी उत्पादन के तरीकों, उसके बाजार और प्रोसेसिंग के बारे में प्रगतिशील किसानों से बातचीत भी की गई।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पचीस मई को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बाईसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए लोग अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य एक एक सात आठ शून्य शून्य पर दे सकते हैं। लोग अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या माई जी ओ वी ओपन फोरम के जरिए भी साझा कर सकते हैं। मन की बात के लिए विचार और सुझाव इस महीने की तेईस तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

**********

बीती रात से गोरखपुर, संतकबीरनगर और आसपास के कई जिलों सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी कहीं कहीं तेज आंधी के साथ हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। हांलाकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में दिन में कुछ देर के लिए तेज धूप भी निकली, लेकिन बीच बीच में बादल छाए रहे। प्रदेश में कुछ स्थानों पर ओला गिरने की भी खबर है।

**********